प्रादेशिक समाचार

दिनांक–09.05.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

****

कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आज शुभेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल के पहले भाजपा मुख्यमंत्री के रूप में बांग्ला भाषा में शपथ ली। बंगाल के राज्यपाल आरएन रवि ने शुभेंदु के अलावा पांच और विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और 20 राज्यों के मुख्यमंत्री मौजूद रहे। बाद में पत्रकारों से बातचीत में शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बंगाल के विकास को नया आयाम मिलेगा।

****

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने राज्य में मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दोहरायी है। उन्होंने कल रांची के रातू में मत्स्य परियोजना का अवलोकन किया। इस दौरान कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य में मत्स्य पालन की अपार संभावनायें हैं। सरकार इसके लिए जरूरी सिस्टम तैयार करने की योजना बना रही है, ताकि स्वरोजगार के अवसर भी बढ़ सकें।

****

बिजली और पानी के मुद्दे पर प्रदेश भाजपा का चरणबद्ध आंदोलन जारी है। पार्टी के नेता और कार्यकर्ता आज संथाल परगना के विभिन्न जिलों में जन सरोकार के मुद्दों को लेकर सड़कों पर हैं। कल भी राज्य के कई हिस्सों में पार्टी ने प्रदर्शन किया था।

****

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण आज झारखंड समेत देशभर में इस वर्ष की दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कर रहा है। रांची सिविल कोर्ट परिसर में भी राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत विशेष बेंचों का गठन कर कई मामलों का निष्पादन हुआ है। लोक अदालत के दौरान कई लोगों को न्याय मिला है। इस दौरान लाभार्थियों ने राष्ट्रीय लोक अदालत की सराहना की।

****

पाकुड़ जिले के पाकुड़िया थाना क्षेत्र में एक घर में चोरी मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी के पास से हथियार और चोरी के उपयोग में काम आने वाले कई सामान बरामद किये गये हैं।

****

पलामू में भी अपराधियों के खिलाफ पुलिस को सफलता मिली है। चौनपुर थाना क्षेत्र में फायरिंग मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को हथियार समेत गिरफ्तार किया है। उधर लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में एक लूटकांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने मामले में तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों की निशानदेही पर लूटे गये सामान और अन्य चीजों को पुलिस ने बरामद कर लिया है।

****

आज गुरूदेव रबींद्रनाथ टैगोर की 165वीं जयंती है। इस अवसर पर आज स्कूलों और सांस्कृतिक संगठनों की ओर से प्रभात फेरी निकाली गयी। इस मौके पर शांतिनिकेतन के गौर प्रांगण में बैतालिक गीतों के का आयोजन किया गया। उनकी जयंती पर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई राज नेताओं ने पोचीशे बोइशाख के अवसर पर गुरुदेव रबींद्रनाथ टैगोर को श्रद्धांजलि अर्पित की है। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि गुरूदेव टैगोर ने असाधारण प्रतिभा के धनी लेखक, विचारक और कवि थे।

****

जमशेदपुर में आज वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 487वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। मरीन ड्राइव स्थित महाराणा प्रताप चौक पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न संगठनों के सदस्य शामिल हुए। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में शहर के शिक्षाविदों एवं इतिहासकारों ने महाराणा प्रताप के जीवन, शौर्य, त्याग और राष्ट्र रक्षा के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

****

राज्य के कई इलाकों में पन्द्रह मई तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का पूर्वानुमान है। हजारीबाग, बोकारो, रामगढ़, रांची, कोडरमा, गिरिडीह, धनबाद और खूंटी में आज आंधी, ओलावृष्टि और वज्रपात की भी आशंका है। राज्य के अन्य हिस्सों में भी पन्द्रह मई तक तेज हवाओं के चलने और वज्रपात को लेकर मौसम विज्ञान केन्द्र ने चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार दो दिन बाद तापमान में करीब तीन डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो सकती है।

****